समाचार

अशोक वाटिका उन्नयन कार्य में तेजी लाएं, उद्यानों में स्थित फाउण्टेन, जिम उपकरणों की मरम्मत कर दुरूस्त करें – आयुक्त

(आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने अशोक वाटिका एवं स्मृति उद्यान का किया औचक निरीक्षण)

कोरबा 03 जून 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अशोक वाटिका उन्नयन कार्य में तेजी लाएं तथा स्मृति उद्यान में स्थापित फाउण्टेन की मरम्मत एवं आवश्यक सुधार कार्य कर चालू कराएं, जिम उपकरणों की मरम्मत करें, सभी उद्यानों की व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखें, उनकी नियमित साफ–सफाई व व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित कराएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अशोक वाटिका के उन्नयन कार्य के तहत किए जाने वाले विभिन्न कार्यो में आवश्यक तेजी लाने, कार्य की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखने तथा समयसीमा में कार्य पूर्णता सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज सी.एस.ई.बी.चौक से स्टेडियम रोड पर स्थित अशोक वाटिका एवं घंटाघर के समीप स्थित स्मृति उद्यान का आकस्मिक निरीक्षण किया। अशोक वाटिका उन्नयन व विकास कार्य के तहत बाउण्ड्रीवाल, फाउण्टेन, बोटिंग हेतु तालाब उन्नयन कार्य प्रगति पर हैं, उन्होने इन कार्यो का निरीक्षण करते हुए कार्यो में अपेक्षित तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होने पाथवे, फाउण्टेन सहित अन्य कार्यो के लेआउट का सघन रूप से जायजा लेते हुए कार्यो को प्रारंभ करने को कहा, भ्रमण के दौरान उन्होने अशोक वाटिका की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इसी कड़ी में आयुक्त श्री पाण्डेय ने घंटाघर निहारिका रोड स्थित स्मृति उद्यान का भी दौरा किया, उद्यान में स्थापित फाउण्टेन व जिम उपकरणों की मरम्मत करने, उद्यान की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने एवं वहॉ पर उपलब्ध कराई गई विविध सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने उद्यान प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आमनागरिकों की मनोरंजन, भ्रमण व स्वास्थ्यगत सुविधाएं उपलब्ध कराने के मद्देनजर नगर निगम कोरबा द्वारा बनाए गए सभी उद्यानों की

व्यवस्थाओं पर सतत रूप से नजर रखें, उद्यानों की साफ–सफाई, स्थापित किए गए जिम व खेलकूद उपकरणों की आवश्यकतानुसार मरम्मत व सुधार कार्य, पेड़–पौधों की देखभाल सहित अन्य व्यवस्थाओं की बेहतरी की दिशा में त्वरित रूप से कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित कराएं।

इस मौके पर अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उद्यान प्रभारी व कार्यपालन अभियंता अखिलेश्वर प्रसाद शुक्ला, सहायक अभियंता विनोद नेताम, अशोक वाटिका उन्नयन कार्य निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि अभिषेक गोयल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

संपादकब्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)